# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–08 अप्रैल 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि सरकार ऐसी गतिशील व्यवस्था बनाने पर ध्यान देना जारी रखेगी, जहां प्रत्येक आकांक्षी उद्यमी को आसानी से ऋण सुविधा उपलब्ध हो सके। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री मोदी ने कहा कि इस योजना ने अनेक लोगों के सपनों को साकार किया है। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने इस योजना के लाभार्थियों के साथ अपने निवास पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि इस योजना की सत्तर प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं।

***सबसे ज्यादा लोन के लिए अप्लाई करने वाली महिलाएं हैं। सबसे ज्यादा लोन प्राप्त करने वाली महिलाएं हैं और सबसे जल्दी रीपेमेंट करने वाली भी महिलाएं हैं और एक बार पैसा आए तो उसका सदुपयोग करना यह अपने आप में आपके जीवन में भी एक डिसिप्लिन ले आता है। ये जीवन को बनाने का अवसर देता है।***

श्री मोदी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना तथा रोजगार मांगने वालों के बजाय रोजगार देने वाले बनने की क्षमता प्रदान करना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना के दस वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने कहा है कि यह योजना वित्तीय स्वतंत्रता के लिये उत्प्रेरक बन रही है।

उधर, मुद्रा योजना के प्रदेश के लाभार्थियों ने भी योजना के दस वर्ष पूरे होने पर सरकार को बधाई दी है। जौनपुर के लाभार्थी रवि केसरी बताते हैं कि इस योजना का लाभ उठा कर उन्होंने न केवल अपने लिये उद्यमिता की नींव रखी बल्कि आज कई लोगों को रोजगार का अवसर भी दे रहे हैं।

***जब यह लोन आया तो मैं उसके पहले से व्यापार शुरू करने के लिए बहुत प्रयासरत था। मुझे पुजी न होने से मैं बहुत परेशान चल रहा था। इस मुद्रा लोन स्किम आने से मैं मुद्रा लोन फायदा उठाया मैंने अपना व्यापार पुंजी लगाकर स्टार्ट किया और मेरा व्यापार इस समय अच्छे तरिके से चल रहा है मैं दो तीन लोगो को रोजगार भी दिया हूं।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी ग्यारह अप्रैल को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे हैं। प्रस्तावित दौरे में प्रधानमंत्री एक जनसभा करेंगे और करीब तीन हज़ार आठ सौ चौरासी करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मेंहदीगंज में होने वाली इस जनसभा के लिए जोर–शोर से तैयारी चल रही है। वाराणसी के जिलाधिकारी एस राजलिंगम और पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने जनसभा स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**********

केन्द्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि का निर्णय लिया है। हालांकि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के अनुसार उत्पाद शुल्क में इस वृद्धि का प्रभाव उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के मूल्य में भी पचास रुपये की वृद्धि की गई है।

**********

उत्तर प्रदेश डिजिटल लेनदेन और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर में पूरे देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। दो हजार सत्रह–अट्ठारह में राज्य में जहां बारह हजार दो सौ चौरासी करोड़ डिजिटल ट्रांजेक्शन हुए थे, वहीं दो हजार चौबीस–पच्चीस में दिसंबर तक यह आंकड़ा एक लाख दो हजार चार सौ इकतालीस करोड़ तक पहुंच गया। इनमें ज्यादातर ट्रांजेक्शन यूपीआई के माध्यम से हो रहे हैं।

**********

यूपी बोर्ड की वर्ष–दो हजार पचीस की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल हुए छात्र अपने शैक्षिक विवरण में त्रुटि सुधार नौ अप्रैल तक कर सकते हैं। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया है कि प्रधानाचार्यों को परिषद की वेबसाइट एमएसपी.ईडीयू. आईएन पर लॉग इन कर विवरण संशोधन कर सकते हैं।

**********

इण्डियन प्रीमियर लीग के तहत आज कोलकाता के ईडेन गाडन्स मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से हो रहा है। मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने टॉस जीता और लखनऊ सुपर जायंट्स को पहले बल्लेबाजी करने के लिये आमंत्रित किया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने निर्धारित बीस ओवर में दो सौ उन्तालीस रन का लक्ष्य नाइट राइडर्स को दिया है। लक्ष्य का पीछा करने के लिये कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम बल्लेबाजी के लिये मैदान में उतर चुकी है। प्रीमियर लीग का यह इक्कीसवां मुकाबला हो रहा है।

**********

मौसम विभाग ने गोरखपुर सहित प्रदेश के पूर्वी जिलों में अगले अड़तालीस घंटे में धूलभरी आंधी और गरज–चमक के साथ वर्षा का अनुमान जताया है। मौसम के इस बदलाव के कारण गोरखपुर, बस्ती, देवरिया और महराजगंज सहित कई जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। उधर, मौसम विभाग की ओर से अगले चौबीस घंटों में प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

**********